# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

(पूर्व नाम जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर)
(NAAC मान्यता प्राप्त "A" ग्रेड विश्वविद्यालय)

समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव को सम्बोधित किया जाए, किसी अन्य अधिकारी के नाम से नहीं। सम्बंधित विषय में यदि पूर्व में पत्र–व्यवहार हुआ हो तो उसके क्रमांक और दिनांक का अनिवार्यतः उल्लेख किया जाना चाहिए, अन्यथा कार्यवाही करने में कठिनाई होगी।

प्रेषक :–
**कुलसचिव,**
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

दूरभाष : कार्यालय : 0761–4009762
निवास : 0761–2602606
ईमेल : rdvvcc1@rediffmail.com

जबलपुर, दिनांकः 12/02/2026

क्रमांक / पत्रकारिता / 2026 / 162

प्रति,

**समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,**
सम्बद्ध महाविद्यालय,
जिला– जबलपुर, कटनी, मण्डला, डिण्डोरी, नरसिंहपुर।

**विषयः अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस आयोजन किये जाने के संबंध में।**

संदर्भः विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक / पत्रकारिता / 2026 / 155, दिनांक 20.01.2026.

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया था कि प्रतिवर्ष दिनांक 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में दिनांक 21 से 28 फरवरी 2026 तक मातृ भाषा की रक्षा एवं सुचिता को सुदृढ़ किये जाने हेतु महाविद्यालय में संगोष्ठी, प्रतियोगितायें एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जावें।

उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा लेटर–पैड, विभिन्न पत्राचारों, लेखों, वेबसाईट इत्यादि में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द का प्रयोग किये जाने संबंधी अधिसूचना पूर्व में जारी की जा चुकी है। तत्समय से विश्वविद्यालय द्वारा 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द का प्रयोग किया जा रहा है। **अतः आपसे अनुरोध है कि महाविद्यालय के लेटर–पैड, विभिन्न पत्राचारों, लेखों, वेबसाईट इत्यादि में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द का प्रयोग करने का कष्ट करें एवं इस आशय की अधिसूचना महाविद्यालय स्तर पर जारी कर उसकी प्रति विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का भी कष्ट करें।**

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में उक्त कार्यक्रम आयोजित कर, कार्यक्रम की गतिविधियों की जानकारी दिनांक 02 मार्च 2026 तक निर्धारित **ई–मेल dpathak196500@gmail.com** पर अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार,

**कुलसचिव**
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

पृ.क्र / पत्रकारिता / 2026 / 162 37
जबलपुर, दिनांकः 12/2/26

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. प्राचार्य / प्राचार्या, वि.वि. से सम्बद्ध समस्त अग्रणी महाविद्यालय, कृपया अपने क्षेत्रांतर्गत महाविद्यालयों को कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग, जबलपुर, कृपया अपने अधीनस्थ महाविद्यालयों को कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. कुलगुरू जी के सचिव, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।

**राजभाषा अधिकारी**
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर